# 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए प्रशासन ने कमर कसी



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 फरवरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को शासकीय डाइट परिसर भिंड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने परीक्षा कक्षों की स्थिति, फर्नीचर की उपलब्धता, डाइट परिसर की बाउंड्री वॉल, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, कंट्रोल रूम, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति तथा पेयजल की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी डाइट प्राचार्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जहां भी कोई कमी है, उसे तत्काल दूर किया जाए, ताकि परीक्षाएं बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सकें।

**विक्रमपुरा स्कूल में बच्चों से किया संवाद :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय विक्रमपुरा का भी जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय परिसर में संचालित कक्षाओं का भ्रमण कर शिक्षण व्यवस्था की स्थिति देखी। कक्षा 6वीं के विद्यार्थियों से ब्लैकबोर्ड पर सरल गुणांक के प्रश्न हल करवाए, जिन्हें बच्चों ने उत्साहपूर्वक सही ढंग से हल किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि परीक्षा या कक्षा में प्रश्न पूछे जाने पर घबराने के बजाय आत्मविश्वास के साथ उत्तर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित अभ्यास और मन लगाकर पढ़ाई करने से सभी विषयों में सफलता प्राप्त की जा सकती है। विद्यालय प्राचार्य से उन्होंने स्वच्छता, शिक्षण सामग्री की उपलब्धता एवं शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर चर्चा की तथा निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण पर भी ध्यान देने को कहा।

### नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास का निरीक्षण

कलेक्टर ने डाइट परिसर में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालक छात्रावास का भी भ्रमण किया। उन्होंने डाइनिंग हॉल, शयनकक्षों, शौचालयों, स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों की संख्या, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाला भोजन, स्वच्छ जल, साफ-सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाई गईं, वहां तत्काल सुधार के आदेश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाएंगी।

# सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिबन्धात्मक आदेश जारी



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 फरवरी।** परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलमुक्त कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी किरोड़ी लाल मीणा ने जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

### धारा 163 लागू

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रेषित पत्र में यह तथ्य सामने लाया गया कि विगत वर्षों में भिंड जिले में संगठित रूप से नकल कराने की घटनाएं सामने आती रही हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में इस कलंक को मिटाने के लिए प्रभावी प्रयास किए गए हैं, लेकिन इन प्रयासों को विफल करने के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा पुन: कोशिश किए जाने की आशंका बनी हुई है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) व (2) के अंतर्गत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया गया है, जो 8 फरवरी 2026 से 7 मार्च 2026 तक जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रभावशील रहेगा।

आदेश के अनुसार परीक्षार्थियों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को छोड़कर कोई भी व्यक्ति या समूह परीक्षा केंद्र की 100 मीटर परिधि के भीतर प्रवेश नहीं करेगा और न ही वहां एकत्रित होगा। इस दायरे में अस्त्र-शस्त्र, धारदार हथियार अथवा किसी भी प्रकार की घातक वस्तु ले जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नकल सामग्री पर रोक :** परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल, ब्लूटूथ जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गाइड, किताबें, नोट्स, नकल की पर्चियां या अन्य किसी भी प्रकार की नकल सामग्री ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा से संबंधित किसी भी सामग्री का वितरण या प्रचार भी प्रतिबंधित किया गया है।

**50 मीटर परिधि में वाहन प्रतिबंध :** परीक्षा केंद्रों की 50 मीटर की परिधि में अनधिकृत रूप से प्रवेश, वाहन खड़ा करना अथवा वाहनों का जमावड़ा पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही किसी भी मार्ग को बाधित करने या परीक्षा केंद्रों तक आवागमन रोकने की कोशिश करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**दुकानें रहेंगी बंद :** परीक्षा संचालन की अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर परिधि में चाय, पान, पीसीओ, फोटो कॉपी, कंप्यूटर, मोबाइल रिचार्ज, शराब आदि की दुकानें बंद रहेंगी और कोई भी व्यवसायिक गतिविधि नहीं की जा सकेगी।

**उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई :** आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223, परीक्षा अधिनियम 1937 एवं अन्य संबंधित अधिनियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारी करेंगे औचक निरीक्षण

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार जिले के परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक भ्रमण कर प्रतिदिन की रिपोर्ट कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की गोपनीयता और विश्वसनीयता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नकल में लिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## एक नजर में

### ग्राम मुस्तरा में बॉलीवाल टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**मेहगांव, 6 फरवरी।** मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुस्तरा में समाजसेवी डॉ. सुल्तान सिंह नरवरिया द्वारा आयोजित बॉली-बॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि नियमित खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों की सेहत और प्रतिभा में निखार आता है। शासन-प्रशासन को खेल प्रतियोगिताओं के लिए अधिक सुविधाएं बढ़ाना चाहिए,ताकि खिलाड़ीयों को अपनी प्रतिभा दिखाने का ज्यादा अवसर प्राप्त हो सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रामजीलाल रामा वाल्मीकि,जसवीर सिंह नरवरिया,राजेंद्र सिंह नरवरिया, मोहर सिंह नरवरिया, मुकेश बघेल, रामधुन सिंह नरवरिया,संदीप बघेल, रामबरन बघेल आदि उपस्थित रहे।

### श्रीमद भागवत कथा एंव कवि सम्मेलन आयोजित



**मेहगांव।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जीसकपुरा मेहगांव ,मे व शाम को 7:00 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामकरन सिंह द्वारा की गई, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शशि बाला राजपूत जी रही, कार्यक्रम का संचालन ,कवि अंजुम मनोहर जी ने किया, कवि सम्मेलन में मेहगांव के वीर रस के कवि सत्यदेव नरवरिया (सत्य), हास्य व्यंग के प्रसिद्ध कवि श्री प्रदीप बाजपेई (युवराज), ने काव्य पाठ किया, कवि श्री सतेंद्र सिंह राजावत, श्री सबल सिंह ,श्री फूल सिंह जी (गीतकार) ने प्रभावशाली कविताएं सुनाई । कविता पाठ के क्रम में सभी कवियों ने उत्कृष्ट कविताओं का पाठ किया। इस अवसर पर समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे अतिथियों एवं आमंत्रित कवि गणों का सम्मान पुष्पहार एवं, शाल श्रीफल भेंट कर किया गया।

# गोदरेज कंपनी ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 6 फरवरी।**सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड द्वारा अपने पड़ोसी ग्राम सिंघवारी, मालनपुर, के सरकारी जूनियर हाईस्कूल के समस्त अध्यापकगण और छात्रों के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत समस्त अध्यापकगण और छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पैदल यात्रियों की सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया गया। उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर गंभीर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है।

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने कहा कि कंपनी सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आसपास के क्षेत्रों में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित कर रही है, ताकि सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके।

कार्यक्रम में सरकारी जूनियर हाईस्कूल के समस्त अध्यापकगण और छात्र उपस्थित रहें। अंत में सभी से सड़क सुरक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की गई।

# झुग्गी-झोपड़ियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**भिंड, 6 फरवरी।** तिलोरी क्षेत्र में बीते 15 से 20 वर्षों से निवास कर रहे 20 से 25 आदिवासी परिवारों की झुग्गी-झोपड़ियों पर आईआईडीसी के निर्देश पर गोहद राजस्व विभाग द्वारा बेदखली की कार्रवाई की गई।

बताया गया है कि उक्त झुग्गी-बस्ती में निवास करने वाले सभी परिवार मूलत: आदिवासी समुदाय से हैं, जो आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों एवं औद्योगिक इकाइयों में मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। आदिवासियों ने पत्थर बीन-बीनकर अपने बच्चों को धूप और सर्दी से बचाने के लिए झोपड़ियां बनाई थीं, जिन्हें कुछ ही मिनटों में मशीनों से ध्वस्त कर दिया गया। घटनास्थल पर मौजूद एक आदिवासी मजदूर ने रोते हुए कहा कि 'हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। इतनी सर्दी में छोटे-छोटे बच्चों को लेकर कहां जाएं?' वहीं 60 वर्षीय मुन्नीबाई आदिवासी ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों की मेहनत से बनाए गए आशियाने पलभर में उजाड़ दिए गए।

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिंड में विद्यार्थियों ने देखा 'परीक्षा पर चर्चा' का सीधा प्रसारण



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 फरवरी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस भिंड में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' विषय पर किए गए ऑनलाइन वीडियो संवाद का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों के साथ साझा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय स्टाफ ने सहभागिता कर प्रधानमंत्री के प्रेरक उद्बोधन को सुना।

**समय प्रबंधन को बताया सफलता की कुंजी :** प्रधानमंत्री ने अपने संवाद में समय प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समय का सदुपयोग केवल परीक्षा के समय ही नहीं, बल्कि पूरे जीवन में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि काम कभी इंसान को नहीं थकाता, बल्कि काम न करना इंसान को थका देता है। छात्रों को सलाह दी कि वे दिनभर किए जाने वाले कार्यों के लिए समय का लेखा-जोखा तैयार करें, ताकि यह समझ सकें कि किस काम में कितना समय जा रहा है।

**माताओं से सीखें समय प्रबंधन :** प्रधानमंत्री ने छात्रों से प्रश्न करते हुए कहा कि क्या उन्होंने कभी अपनी माताओं के समय प्रबंधन कौशल पर ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि घर का सारा कार्य समय पर पूरा करने के बावजूद माताएं रचनात्मक कार्यों के लिए भी समय निकाल लेती हैं। इससे विद्यार्थियों को समय के सूक्ष्म प्रबंधन की प्रेरणा लेनी चाहिए और प्रत्येक विषय के लिए निश्चित समय तय करना चाहिए।

**विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान :** कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री से अपने जिज्ञासु प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सहज और सरल भाषा में उत्तर देकर छात्रों की शंकाओं का समाधान किया। प्रधानमंत्री के संवाद को विद्यार्थियों ने प्रेरणादायी बताया और परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की सराहना की।

# भाजपा जिला कार्यालय पर सुनी जनसमस्याएं




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 6 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में सहयोग सेल का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता की जन समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। सहयोग सेल में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया एवं जिला मंत्री राधा कृष्ण शर्मा ने संयुक्त रूप से जनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त आवेदनों को समाधान हेतु जिला प्रशासन को प्रेषित किया ताकि समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण किया जा सके।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने कहा कि सहयोग सेल का उद्देश्य जनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, जिससे उन्हें इधर-उधर भटकना न पड़े और शासन-प्रशासन तक उनकी समस्याएं सीधे पहुंच सकें। वहीं जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह भदौरिया एवं जिला मंत्री राधा कृष्ण शर्मा ने बताया कि सहयोग सेल में प्राप्त सभी समस्याओं को संबंधित विभागों को भेज दिया गया है, जिनका शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला महामंत्री मनोज अनंत, जिला मंत्री बजरंग सिंह भदौरिया, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, जिला कार्यालय सह-प्रभारी रोहित शाक्य, सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया सहित भाजपा एवं भाजयुमो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जमना ऑटो इंडस्ट्रीज ने मेधावी छात्रों को वितरित किए लैपटॉप और साइकिलें







**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 6 फरवरी।** क्षेत्र में संचालित जमना ऑटो इंडस्ट्रीज ने मालनपुर में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सी एस राइज) के मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और साइकिलें वितरित की।यह कार्यक्रम सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत ,जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के उप महा प्रबंधक एन एम क्यू शम्सी के मार्गदर्शन में किया गयाद्य कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है,कार्यक्रम में जमना ऑटो इंडस्ट्रीज ने मेधावी छात्रों को लैपटॉप और साइकिलें वितरित की, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई में मदद मिल सके।

यह कार्यक्रम मालनपुर क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यहां बता दें कि जमना ऑटो इंडस्ट्रीज द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को हर साल लैपटॉप और साइकिलें वितरित की जाती है, इसी क्रम में वर्ष 2024 /25 मैं 10वीं और 12वीं में अच्छे अंकों के साथ परीक्षा पास कर विद्यालय की टॉपर सूची में नाम दर्ज करने वाले दोनों कक्षाओं के 22 छात्र थे। कंपनी द्वारा आठ छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और बाकी 14 छात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित की। इस अवसर पर कंपनी के महाप्रबंधक श्री सम्मसी ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना कीद्य कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षक दीपा सिंह भदोरिया द्वारा किया गया और कंपनी प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं भविष्य में ऐसे कार्यक्रम करने की अपील की। इस अवसर पर कंपनी के मैनेजर महेंद्र सिंह, सामाजिक दायित्व निर्वहन प्रभारी अभिषेक पांडे, अरुणेश भदोरिया, सुरक्षा अधिकारी राम रतन, आसाराम, सुनील आदि कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के अलावा विद्यालय के शिक्षक जंडेल सिंह नरवरिया, विक्रम सिंह गुर्जर, सुनील सिंह तोमर, दिनेश पावक, कृष्णवीर सिंह भदोरिया, रविंद्र गौतम,कंचन आदि शिक्षक व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री सरोज जैन का निधन



**भिण्ड, 6 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला मंत्री एवं जैन समाज की सक्रिय समाजसेविका श्रीमती सरोज जैन का लंबी बीमारी के चलते उनके निज निवास ग्वालियर में निधन हो गया। वे वर्तमान में भाजपा महिला मोर्चा की भिण्ड जिला मंत्री के रूप में कार्यरत थीं। उनके परिवार का निवास ग्वालियर में है। श्रीमती सरोज जैन के निधन पर भारतीय जनता पार्टी, भाजपा महिला मोर्चा एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, चंबल संभाग प्रभारी डॉ. अभय प्रताप सिंह यादव, सांसद संध्या राय, कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, विधायक अमरीश शर्मा गुड्डू, भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह, पूर्व सांसदगण डॉ. भागीरथ प्रसाद, अशोक अर्गल, पूर्व मंत्रीगण डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, डॉ. ओ.पी.एस. भदौरिया सहित अनेक वरिष्ठ नेता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक रणवीर जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह कुशवाह, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नेता, मोर्चा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा की प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य, पंचायत एवं नगर निकाय प्रतिनिधि तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी शोक व्यक्त किया।

# इंडियन ऑयल मालनपुर में फायर सेफ्टी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन






**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 6 फरवरी।** औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में स्थापित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा शुक्रवार को

### आपातकालीन स्थिति से निपटने का दिया गया प्रशिक्षण

अग्नि सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उद्देश्य से एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के फायर सेफ्टी अधिकारियों ने गैस टैंकर में आग लगने की आपात स्थिति का जीवंत प्रदर्शन कर यह बताया कि किस प्रकार ऐसी घटनाओं पर समय रहते काबू पाया जा सकता है।

मॉक ड्रिल के दौरान अधिकारियों ने आधुनिक अग्निशमन उपकरणों की सहायता से आग बुझाने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। साथ ही यह भी प्रदर्शित किया गया कि दुर्घटना की स्थिति में कर्मचारियों एवं आसपास मौजूद लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोहद एसडीएम राजन नाडिया, नायब तहसीलदार राकेश श्रीवास्तव ,पटवारी संजय शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ आईओसीएल मालनपुर के मैनेजर कर्नल सुधीर नंदा एवं औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में संचालित उद्योगों से राकेश तिवारी( एस आर एफ), संजय सिंह कुशवाह सूर्य रोशनी ,योगेश चौहान , मुकेश मेवाफरोश ब्रजभान सिंह, रोशन सिंह चौहान, सुप्रीम इंडस्ट्रीज ,होमगार्ड कमांडेंट उमेश कुमार शर्मा ,सतीश चतुर्वेदी निरीक्षक फायर स्टेशन मालनपुर, श्रम अधिकारी मुरारी सिंह ,नितेश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने मॉक ड्रिल को ध्यानपूर्वक देखा और फायर सेफ्टी टीम के कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में फायर सेफ्टी अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं आईओसीएल प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।मॉक ड्रिल से औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों एवं प्रबंधकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी और आपदा प्रबंधन की तैयारियों को मजबूती मिली।